तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

12 अच्छी पढ़ाई कर स्टूडेंट्स किसी भी देश में बहुत...

14 सरपंच पर गंभीर आरोप सामाजिक बहिष्कार...




प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA
DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S
B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

## खबर संक्षेप

### शिक्षक सम्मान आज

**महासमुंद।** विवेकानंद शिक्षण संस्था द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, पदमावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा स्व. नीलकंठ राव साकरकर उमावि के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह 05 सितंबर को आयोजित है। गणेश उत्सव पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने दी है।

### पितृपक्ष 7 सितंबर से, चंद्रग्रहण भी होगा

**महासमुंद।** दस दिन विराजित होने के बाद गणपति बप्पा अनंत चौदस के दिन 6 सितंबर को विदा होंगे। गणेश विसर्जन के बाद पितृपक्ष शुरू हो जाता है। 7 सितंबर को पूर्णिमा श्राद्ध से पितृपक्ष शुरू होगा। इस दिन चंद्रग्रहण भी पड़ रहा है। जिसको लेकर पूछने पर नगर पुरोहित पंकज तिवारी ने बताया कि चंद्रग्रहण में सूतककाल दोपहर 12.57 से लग रहा है। ग्रहण स्पर्श रात्रि 9.57 मध्यकाल 11.41 तथा मोक्ष रात्रि 1.26 को होगा। चूंकि सूतककाल दोपहर 12.57 से शुरू हो रहा है, इसलिए पूर्णिमा श्राद्ध पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सुबह समय में श्राद्ध कार्य किया जा सकता है।

### शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली में शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शिवप्रसाद थोरिया पिता दशरू थोरिया (45 साल) पोटापारा थाना सरायपाली के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए, 36 नग जंबू गोवा अंग्रेजी शराब कीमत 4320 रुपए एवं 16 नग शोले प्लेन देशी शराब कीमत 1280 रुपए कुल 9600 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# वाहन मालिकों की उदासीनता, नहीं लग पा रहे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले में 2019 से पहले के वाहन चालकों की उदासीनता के चलते अब तक सभी पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लग पाई है। शुरूआती दौर में लोगों ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाई। लेकिन, अब इक्का दुक्का वाहन चालक ही नंबर प्लेट लगवा रहे हैं। वाहन चोरी जैसी घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। इसके साथ ही वाहनों की नंबर प्लेट बदलकर कई प्रकार के अपराधों को अंजाम दिया जाता है। इन अपराधों में कमी लाने के लिए शासन ने सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश दिए हैं।

## बिना हाईसिक्योरिटी वाले वाहन चालकों पर भी नहीं हो रही कार्रवाई

### जागरूक नहीं वाहन चालक

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की जिम्मेदारी वाहन चालकों की है लेकिन वाहन चालक इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं जिसके चलते नंबर प्लेट लगाने की रफ्तार धीमी पड़ गई है। शुरूआती दौर में वाहन चालकों ने इस ओर ध्यान दिया लेकिन अब वाहन चालक रुचि नहीं ले रहे है। इस मामले में जागरूक लोगों का कहना है कि पब्लिक में जागरूकता होनी चाहिए। साथ ही प्रशासन को भी सख्त कदम उठाना चाहिए। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे वाहनों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई भी नहीं हो रही है।



### 1.78 लाख में लगेगी प्लेट

एक जानकारी के अनुसार जिले में करीब 1 लाख 78 हजार वाहन में नंबर प्लेट लगाने का लक्ष्य रखा गया। इसमें ट्रक, मेटाडोर, बस, जीप, कार, मोटर साइकिल सहित सभी प्रकार के वाहन शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार इनमें से करीब 14303 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाई जा चुकी है एवं 17 हजार वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। अभी भी बड़ी संख्या में वाहनों में नंबर प्लेट लगाना बाकी है।

वर्ष 2019 के बाद सभी नए वाहनों में इस प्रकार की नंबर प्लेट लगाई जा रही है लेकिन इससे पहले के वाहनों में सामान्य नंबर प्लेट ही लगी थी। शासन के निर्देश पर वाहन चालकों से एक निर्धारित शुल्क लेकर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। जिले में पुराने वाहनों में इस नंबर प्लेट को लगाने के लिए कंपनी को जिम्मा दिया गया है। जिन पुराने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी है, उन वाहनों का चिन्हांकित कर नंबर प्लेट लगाई जा रही है। विडंबना यह है कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की स्पीड काफी धीमी है। जिसके चलते अब तक 25-30 प्रतिशत पुराने वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाई जा सकी है।

## रोष : प्रदेश स्तरीय धरना में शामिल होने जा रहीं थीं जिले की मितानिनें

# राजधानी जाने से रोका तो जहां रोका वहीं किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल होने जा रही मितानिनों को पुलिस द्वारा जगह-जगह रोका गया। इसके चलते मितानिनों ने जहां रोका वहीं प्रदर्शन शुरु करते हुए चक्काजाम कर दिया। रोके जाने के चलते तुमगांव, पटेवा, झलप टोल प्लाजा सहित नदी मोड़ में भी चक्काजाम की स्थिति रही। इस दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी पिथौरा जाने के दौरान पटेवा के चक्काजाम में फंस गई। इसके चलते वे भी वापस महासमुंद लौटीं।

मितानिनों की मांगें हैं कि मोदी की गारंटी के तहत घोषणा पत्र में किए गए वायदे पूरे किए जाने तथा मितानिन कार्यक्रम का संचालन पुनः एनजीओ को दिए जाने के विरोध में आंदोलनरत हैं। इसके लिए रायपुर में मितानिन, प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बीते 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन में हैं। इनका कहना है कि यदि उनकी मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा नहीं करती है तो प्रदेश स्तर पर मितानिनों द्वारा जंगी प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव एवं चक्काजाम शामिल रहा। बता दें कि जिले भर में 2200 मितानिनें हैं। में मितानिन 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।



प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षण कल्याण संघ की जिला अध्यक्ष आरती डड़सेना व सचिव अहिल्या साहू ने बताया कि जो मितानिनें सरायपाली,बसना सांकरा, पिथौरा की ओर से आ रही थीं उन्हे टोल नाका ढांक, पटेवा और तुमगांव में रोका गया। वहीं बागबाहरा, कोमाखान व महासमुंद से आने वालों को घोड़ारी में रोका गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि हम शांति पूर्ण तरीके से धरना में शामिल होने जा रहे थे। पर, पुलिस ने हमें यातायात नियमों का उल्लंघन का बहाना कर रोका। हम चक्काजाम नहीं चाहते थे, पर मजबूरन करना पड़ा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी जिसके तहत वाहनों को रोका गया और नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया।

# औद्योगिक कारखानों के निरीक्षण में पाया अनियमितता, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

औद्योगिक कारखानों के निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय गठित संयुक्त टीम द्वारा प्लोटेक्स सोलर प्राइवेट लिमिटेड बिरकोनी पहुंचकर जांच किया गया। निरीक्षण के दौरान शशिकांत सिंह प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद, डीएन पात्र श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग, राम कुमार ध्रुव जिला परिवहन अधिकारी, सिद्धार्थ दुबे निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान विभाग उपस्थित रहे।

परिवहन विभाग द्वारा जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा जांच किया गया, जिसमें कारखाना में किसी प्रकार की कमियां नहीं पाई गई। विधिक माप विज्ञान विभाग की जांच में उक्त संस्थान में उपयोग किए जा रहे गैर स्वचालित तौल उपकरणों के सत्यापन के संबंध में नोटिस जारी किया जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अंतर्गत जांच/निरीक्षण किया गया। ओवर टाईम के संबंध में प्रबंधन द्वारा जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र प्रेषित किया जाएगा। 03 ठेकेदार कार्यरत पाया गया, जिनके द्वारा संविदा श्रमिक अधिनियम, 1970 अंतर्गत लाइसेंस नहीं लिया गया है। तत्संबंध में प्रबंधन एवं ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसी तरह मेसर्स सेवियो बायो ऑर्गेनिक एंड फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड बिरकोनी का निरीक्षण किया गया। जिसमें श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936, संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के अन्तर्गत जांच / निरीक्षण किया गया। ओवर टाइम के संबंध में प्रबंधन द्वारा जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 अंतर्गत प्रमुख नियोजक का अनुज्ञप्ति नहीं लिया जाना पाया गया। जिसके संबंध में प्रबंधन एवं ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा रहा है।



### प्रधान पाठक से मारपीट, जर्म दर्ज

**महासमुंद।** प्रधान पाठक से मारपीट करने के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को डंगनिया सरायपाली निवासी व पलसापालीस स्कूल के प्रधान पाठक दंडधर पटेल ने बताया कि 30 अगस्त को दोपहर 3 बजे वह अपने मोटर सायकल से ग्राम छिंदपाली नवोदय विद्यालय जा रहा था, जैसे ही अपने ग्राम डंगनिया के बाहर शमशान घाट के पास पहुंचा था, कि सामने से एक व्यक्ति स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीजी 9021 से आया और स्कूटी को रोककर कहा कि आज मैं तुमको जान सहित मारूंगा। इसके बाद उसने स्कूटी में रखे कुल्हाड़ी को निकाल कर वार किया, जिससे हाथ में चोट आई। मदद के लिए पुकारने पर गांव के निखिल नंद और उमेश पटेल आए तब आरोपी कुल्हाड़ी को छोड़कर वहीं खड़ा हो गया। इसके बाद जब उस व्यक्ति से नाम पता पूछा तब उसने अपना नाम संजय साहू पिता उत्तरा साहू ग्राम बिजातीपाली का रहने वाला बताया। इसके बाद पहुंची डायल 112 वाहन के द्वारा प्रार्थी और आरोपी को थाना ले जाया गया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 126(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया पोषण सप्ताह

**महासमुंद।** शहर के पंचशील क्लबपारा के दो आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित पोषण सप्ताह में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद पीयूष साहू, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी केंद्र में एनजीओ द्वारा सायबर अपराध के बारे आशीष राय, शुभम महेश्वरी द्वारा मोबाइल से हो रही ठगी के विषय में जानकारी दी गई। सावधानी से घटना को रोकने के बारे में बताया गया। केंद्रों में मोनिका दीवान, झरना साहू का गोद भराई कार्यक्रम हुआ। बालक आयुष पटेल का अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मातृशक्ति के लिए महिला बाल विकास से कई कल्याणकारी योजनायें चला रही है, जिसका लाभ आप सभी ले। मातृशक्ति को उनके खाते में मातृत्व वंदन का 1000 रुपए सरकार जमा कर रही है। महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए रोजगार से जोड़ा जा रहा है। वार्ड पार्षद पीयूष साहू ने पोषण सप्ताह में आये मातृशक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र छोटे बच्चों की पहली पाठशाला है, जहां पर बच्चों को घर जैसा रखा जाता है। पोषण सप्ताह में भाजपा नेता शरद मराठा, अभिषेक पांडेय, गौरव राठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे, तिरिथ सोनी, सहायिका द्रोपदी साहू, सरोजनी मानिकपुरी, रूखमणी धीवर, राधिका साहू, शकुंतला साहू, मनीषा थानेकर, सरला चंद्राकर, अचैना साहू, कुंती यादव, धनमती बघेल, रंभ जगत, सुहागा, चंद्रभामा साहू, कैकती विश्वकर्मा, ज्योति ठाकुर, गोल्डी चंद्राकर उपस्थित रहे।

# खाद की किल्लत से पैदावार में कमी आने की आशंका, किसानों की चिंता व परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के सभी क्षेत्रों में धान की बोनी के बाद से खाद की संकट बनी रही जो आज भी बरकरार है। सोसायटियों में किसान बोनी के दो माह बाद भी डीएपी व यूरिया जैसे खाद के लिए भटक रहे हैं। शासन-प्रशासन की कमजोरी के चलते खाद बीज की आपूर्ति इस वर्ष काफी कमजोर रही है, जो आज भी क्षेत्र में खाद की मारामारी चल रही है, जैसे ही सोसायटियों में खाद आती है। किसानों की भीड़ लग जाती है, अभी भी करीब 75035 टन खाद की मांग बनी हुई है।



वही जिले में यूरिया की 56100 टन की मांग है लेकिन अभी 49341 टन आपूर्ति हुई है जिसमें 25138 टन का वितरण किया गया है। किसानों को खाद उपलब्ध नहीं होने से उत्पादन में गिरावट आने की भी संभावना बनी है। फसल को सही समय में खाद नहीं मिलने से धान की पौधों में ग्रोथ नहीं आ पा रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कि इस वर्ष प्रति एकड़ धान की पैदावार में कमी होने की संभावना है। तहसील क्षेत्र में आज भी खाद संकट से किसान उबर नहीं पा रहे हैं। बीते दिनों किसानों ने सांकरा में एनएच-53 पर खाद की कमी को लेकर चक्काजाम भी किया था। इसके बाद भी किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पाया। खाद की कालाबाजारी होने से भी किसान परेशान हैं।

### ऊंचे दामों पर खाद खरीदकर काम चला रहे

जिले में खाद का भंडारण 79 प्रतिशत हुआ है एवं भंडारण का 93 प्रतिशत वितरण हो चुका है। मिली जानकारी के अनुसार खाद भंडारण का लक्ष्य 1,19,253 टन है। भंडारण 95,316 टन हो चुका है और वितरण 89,419 टन हो चुका है। अभी भी 5897 टन खाद का शेष है। खाद की कमी के चलते किसान खुले बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीदकर काम चला रहे हैं।

### बारिश नहीं होने से भी परेशान

जिले में इस वर्ष एक जून से अब तक 688.3 मिमी बारिश हुई है। औसत वर्षा से 21 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इसके कारण भी किसान परेशान हैं। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 908.8 मिलीमीटर, सरायपाली में 711.0 मिलीमीटर, बसना में 654.9 मिलीमीटर, कोमाखान में 645.9 मिलीमीटर, बागबाहरा में 636.3 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 573.1 मिलीमीटर महासमुंद तहसील में दर्ज की गई।

आज 04 सितंबर को 17.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बसना तहसील में 32.2 मिलीमीटर, सरायपाली में 25.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 22.5 मिलीमीटर, बागबाहरा में 12.7 मिलीमीटर, कोमाखान में 8.2 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 6.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

## जिला साहू संघ ने प्रेसवार्ता में लगाए आरोप, तुमगांव नपं अध्यक्ष का किया समर्थन

# अवैध देह व्यापार एवं शराब कारोबार को मिल रहा पुलिस का संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू की हुई गिरफ्तारी के बाद से पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों और समर्थकों के साथ-साथ साहू समाज में भी गहरी नाराजगी देखी जा रही है। इसी आक्रोश के चलते गुरुवार को साहू समाज संघ के प्रमुखों द्वारा प्रेस वार्ता कर अध्यक्ष के समर्थन करते हुए थाना प्रभारी को हटाने एवं निष्पक्ष जांच की मांग पुलिस अधीक्षक से करने एवं आगे की रणनीति पर चर्चा की गई है। जिला साहू संघ के सदस्यों ने कहा है कि तुमगांव तथा आसपास के क्षेत्र में काफी लंबे समय से देह व्यापार का कार्य जारी है, जिसने अन्य राज्यों से भी महिलाएं प्रतिदिन तुमगांव आकर उक्त अवैध धंधे में शामिल रहती हैं। कई बार पूर्व में इस संबंध में नगर वासियों एवं क्षेत्र के प्रमुख लोगों के द्वारा विरोध किया जाता रहा है तथा लगभग 2 वर्ष पूर्व देह व्यापार के अड्डे को नगर पंचायत द्वारा तोड़ा गया था। पुलिस एवं प्रशासन के हस्तक्षेप पर कुछ समय तक देह व्यापार का कार्य बंद रहा। किंतु पुनः पुलिस की संरक्षण से तुमगांव थाना के पास ही देह व्यापार में संलिप्त लोगों द्वारा नया अड्डा बना लिया गया है, जहां से देह व्यापार संचालित होता है एवं प्रतिदिन कई राज्यों से देह व्यापार में संलिप्त महिलाएं आकर जिस्मफरोशी करती है जिसकी थाना प्रभारी सहित पुलिस प्रशासन को पूरी जानकारी है तथा पुलिस के संरक्षण में ही जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा है। इसके अलावा तुमगांव एवं आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब का व्यवसाय बड़े पैमाने पर चल रहा है, जिसे भी थाना प्रभारी का संरक्षण प्राप्त है।



### साहू संघ ने किया है गिरफ्तारी का विरोध

जिला साहू समाज संघ के अध्यक्ष धरम साहू ने बताया है कि तुमगांव नगर पंचायत के निर्वाचित अध्यक्ष बलरामकांत साहू के विरुद्ध झूठा मामला दर्ज कराकर गिरफ्तार किए जाने से तुमगांव एवं आसपास के लोगों में थाना प्रभारी तुमगांव के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। साहू समाज हितेश जंघेल के द्वारा की जा रही झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई तथा देह व्यापार एवं अवैध शराब के कारोबारी को संरक्षण दिए जाने की निंदा करते हुए थाना प्रभारी को तत्काल पद से बर्खास्त किया जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की गई है।

### कार्रवाई नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

जिला साहू संघ के अध्यक्ष धरम साहू, मोती साहू, मनोजकांत साहू, गौकरण साहू, तुलाराम साहू, ललित साहू, राधेश्याम साहू, रवि साहू, जितेंद्र साहू, रोशन साहू ने बताया है कि घटना के संबंध में जिला स्तरीय जांच कमेटी बनाकर निष्पक्ष जांच कर दोषी के ऊपर त्वरित कार्रवाई की जाये एवं थाना प्रभारी तुमगांव को बर्खास्त किया जाए। अगर इस संबंध में 8 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही प्रशासन की होगी।

# बर्खास्तगी आदेश के बाद एनएचएम कर्मचारी का सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अनिश्चितकालीन हड़ताल के 18वें गुरुवार को एनएचएम संघ के पदाधिकारियों के बर्खास्तगी के बाद कर्मचारी और भी ज्यादा उग्र हो गए हैं और अपना आक्रोश दिखाते हुए 16000 एनएचएम अधिकारी व कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा मुख्यमंत्री के नाम से सीएमएचओं को सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे ने बताया कि हमारी नियमितीकरण व ग्रेड पे जैसे मूलभूत मांगों को लेकर समस्त एनएचएम कर्मचारियों शांतिपूर्ण तरीके से और निश्चितकालीन हड़ताल पर है, लेकिन सरकार दमनकारी नीति अपनाते हुए हमारी एकता को तोड़ने के लिए 125 पदाधिकारियों को बर्खास्त पत्र जारी कर कर्मचारी के मध्य आक्रोश पैदा कर दिया है। इसी कड़ी में 16000 एनएचएम कर्मचारियों एक साथ सामूहिक इस्तीफा दे दिया। महासमुंद में 550 से ज्यादा संख्या में सीएमएचओ को मुख्यमंत्री के नाम से अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने बताया कि 5 सितंबर जल सत्याग्रह कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।

हड़ताल को छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सतनामी समाज के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एसआर बंजारे, विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, जीएल कौशिक ने उपस्थित होकर अपना समर्थन दिया। साथ ही मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भी भेजा गया। जब तक मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक सतनामी समाज ने कंधे में कंधा मिलाकर चलने के लिए सहमति जताई।

## खबर संक्षेप

### वृहद रोजगार मेला का आयोजन 12 को

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 सितंबर 2025 को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने जताया विधायक का आभार

**महासमुंद।** जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे के नेतृत्व में स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय में विद्यालयों के नवीनीकरण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी से पहल कर नवीनीकरण आदेश जारी कराने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले, जिला महामंत्री सुरेश, जिला मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आरके तिवारी, उपाध्यक्ष मनोहर महंती, कुबेर गिरी गोस्वामी मौजूद रहे।

## निधन

### अनसुइया चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी अनसुइया चंद्राकर (84) का 4 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे लभराखुर्द में पदस्थ पटवारी संतोष चंद्राकर, जिपं में पदस्थ अशोक चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, शांत्रीबाई महाविद्यालय में पदस्थ विष्णु चंद्राकर की मां थी।

**चर्चा :** शासकीय हाईस्कूल और मिडिल स्कूल कसेकेरा में हुआ शिक्षा जागरूकता व्याख्यान

# अच्छी पढ़ाई कर स्टूडेंट्स किसी भी देश में बहुत अच्छे पैकेज पर कर सकते हैं नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)



मै भी आपके जैसे एक सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर अधिकारी बन पाया। स्कूल में अच्छे से पढ़ने के बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। इसके बाद स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की परीक्षा पास कर भिलाई स्टील प्लांट में मैनेजर की नौकरी ज्वाइन की और प्रमोशन पाते हुए जनरल मैनेजर की पोस्ट तक पहुंच पाया हूं। हमारे छत्तीसगढ़ के भिलाई स्टील प्लांट ने दुनिया की सबसे लंबी रेल बनाने का कीर्तिमान बनाया है। पिछले महीने प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर स्थित चिनाब नदी पर बने देश के सबसे ऊंचे पुल का उद्घाटन किया, उस पुल को बनाने के लिए लगा सारा इस्पात भिलाई स्टील प्लांट से गया है। यह हमारे छत्तीसगढ़ के लिए बहुत गौरव की बात है। उक्त बातें भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त जनरल मैनेजर रॉबर्ट क्लाइव ने हाईस्कूल और मिडिल स्कूल कसेकेरा के विद्यार्थियों को दी गई।

उन्होंने अपनी कनाडा यात्रा के संस्मरण विद्यार्थियों के साथ शेयर किए। जिसमें उन्होंने सुपीरियर झील के बारे में बताया। कनाडा के लकड़ी के बने एक जैसे मकानों के बारे में बताया और वहां के लोगों के आपस में प्यार और समानता के साथ जीने की जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वहां के लोग बहुत मेहनती और अनुशासनप्रिय हैं। वहां सिक्स लेन सड़कें हैं, जिसमें हर कोई अपनी स्पीड के लिए तय लेन पर सफर करता है इसलिए वहां एक्सीडेंट नहीं होते हैं। वहां ट्रैफिक रूल्स की बहुत इज्जत की जाती है। यदि सड़क पर बत्तखों का झुंड सड़क पार कर रहा हो तो पूरा ट्रैफिक रुक जाता है। वहां चोरियां नहीं होती, इसलिए आप दरवाजों पर बिना ताला लगाए जा सकते हैं। वहां बुजुर्गों को अच्छी पेंशन मिलती है और उनकी बहुत इज्जत की जाती है। पंजाब से बहुत सारे लोग कनाडा जाकर बसे हुए हैं। ट्रक और बस चलाने वाले अधिकतर ड्राइवर भारतीय हैं। अपने व्याख्यान की समाप्ति उपरांत उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब दिए और उन्हें अपनी पसंद के विषयों में अपना कैरियर बनाने की सलाह दी। बच्चों द्वारा भिलाई स्टील प्लांट के भ्रमण की इच्छा जाहिर करने पर उन्होंने उन्हें स्कूल टीचर्स के साथ स्टील प्लांट के अध्ययन भ्रमण के लिए इनवाइट किया और आवश्यक परमिशन दिलाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने बच्चों को विज्ञान आश्रम कसेकरा जाकर गणित, इंग्लिश और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने के लिए मोटिवेट किया। इस अवसर पर विज्ञान आश्रम कसेकरा के संचालक, पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा विद्यार्थियों को अभी से बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया और नियमित रूप से सुबह उठकर अभ्यास के महत्व बताया। शासकीय हाईस्कूल कसेकेरा के प्राचार्य पवन चक्रधारी ने अतिथि वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके संस्मरणों को बहुत प्रेरणादाई बताया और बच्चों को कसेकेरा गांव में ही देश विदेश की सैर कराने और भिलाई स्टील प्लांट की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक डा विजय शर्मा, शिक्षकगण लोकेश चंद्राकर जितेंद्र साहू, लक्ष्मी साहू, कामाक्षी चंद्राकर, प्रेमिन दीवान, राहुल ध्रुव, मोनेश देवांगन का सहयोग रहा।

# बिछिया स्कूल में छात्रों को कराया गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

उच्च प्राथमिक शाला बिछिया (पो) में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है।

पूर्व सरपंच सम्मानीय अनिल प्रधान द्वारा बच्चों के भोजन समय पर खीर, बूंदी, केला दिया गया। यह भोज उनके सुपुत्री अदिति प्रधान के जन्मदिन के अवसर पर कराया गया। सभी बच्चे खीर के स्वादिष्ट से बहुत खुश थे। बच्चों में जिज्ञासा जागृत हुई, पूछने लगे न्योता भोज क्या है। फिर बच्चों को विद्यालय में प्रभारी प्रधान पाठक रामनाथ साव ने सरल शब्दों में बच्चों को बताया कि न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विनोद विशाल, शुभकुमारी बाघ, नरेश मिश्रा, शिक्षा सहयोगी भाग्यवंती यादव एवं रसोइया आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी विद्यालय के सहायक शिक्षक सुशील प्रधान ने दी है।

## थल सेना शिविर दिल्ली के लिए दो एनसीसी कैडटों का चयन



**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 27 सीजी बटालियन एनसीसी रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सौरभ कुमार के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के निर्देशन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ़्टिनेंट प्रदीप कन्हेर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के दो कैडेट्स सीक्यूएमएस नैवेद्य कुमार एवं सार्जेंट जागृति दीवान का थल सेना शिविर दिल्ली के लिए चयन हुआ। प्रारंभ में ये कैडेट्स बिलासपुर में लगभग दो शिविर जो लगभग 20 दिनों तक चला, जिसमें इन्होंने सक्रिय भूमिका निभायी। तत्पश्चात लखौली आरंग के लिए चयनित हुए। वहां टीएससी 3, आईजीसी, डिकैट 1 एवं डिकैट 2 में बेहतर प्रदर्शन करने के पश्चात इन कैडेटों का ऑल इंडिया थल सेना शिविर नई दिल्ली के लिए चयन हुआ। अभी कैडेट्स दिल्ली में अपने महाविद्यालय सहित महासमुंद ज़िले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर बटालियन से कमांडिंग ऑफिसर, एडम ऑफिसर, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, एनसीसी ऑफिसर लेफ़्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, डॉ. रीता पांडेय, डॉ. मालती तिवारी, डॉ. आर के अग्रवाल, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. ईपी चेलक, प्रो. मनीराम धीवर, प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो. राजेश्वरी सोनी, प्रो. सरस्वती सेठ, डॉ. जगदीश सत्यम, प्रो. मनबोध चौहान मुकेश साहू, केसर कश्यप, कुंदन देवांगन सहित महाविद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

## नई शिक्षा नीति में सिद्धांत के साथ व्यवहारिक ज्ञान पर बलः करुणा



**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के निर्देशन एवं विभाग अध्यक्ष डॉ दुर्गावती भारतीय के मार्गदर्शन में एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हिंदी विभाग में किया गया। कार्यक्रम में कला संकाय प्रभारी डॉ मालती तिवारी, वाणिज्य संकाय प्रभारी प्रो अजय कुमार राजा, हिंदी के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ जीवन चंद्राकर, डॉ कलमरेखा एवं हिंदी विभाग के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। कार्यक्रम का संचालन योशिका दीवान एवं आभार डॉ. जीवन चंद्राकर ने किया। सभी विद्यार्थियों द्वारा पीपीटी द्वारा लोक साहित्य लोक गाथा लोकगीत लोक परंपरा, रस के सिद्धांत पत्रकारिता प्रशिक्षण आदि विषयों पर प्रस्तुति दी गई। स्वागत भाषण करते हुए डॉ दुर्गावती भारतीय ने कहा कि ऐसे सेमिनार से विद्यार्थियों में विषय की समझ के साथ अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होता है। प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सैद्धांतिक शिक्षा के साथ जीवन का व्यावहारिक ज्ञान पर जोर दिया गया है। डॉ मालती तिवारी ने शोध पत्र प्रस्तुति के वाचन में किए जाने वाली सावधानियों के विषय में विद्यार्थियों को टिप्स दिए। प्रो. अजय कुमार राजा ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए सफल आयोजन को सराहा। कार्यक्रम में दिनेश साहू, योशिका, खेमचंद, प्रशांत, प्रमोद, सितेश्वरी, तनूजा, तुलसी, दामिनी, हीना का विशेष योगदान रहा।

# महिला समिति द्वारा बेचे गए जैविक खाद की रकम दिलाने अंकित ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



लगातार अपनी सक्रियता के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करने का फायदा ये होता है कि जनहित के कई मामले सामने आते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया और जय मां चंडी महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं रुक्मणि, अनुकी सेन, सुधियारिन, प्रेमाबाई, भूषण बाई, सुकवारी बाई, चमारिन, कुंतीबाई, रामेश्वरी, नीरा आदि ने बताया कि उनके द्वारा पूर्व में 152 बोरी गोबर खाद बनाया गया था, जिसे ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कछारडीह के माध्यम से किसानों को विक्रय भी कर दिया गया। परंतु, आज कई वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।

उनकी बात पर अंकित ने पूछा कि किसानों को केसीसी में खाद दिया गया था तो वो तो धान विक्रय करते ही राशि काटी जा चुकी होगी तो उन्होंने भी इस बात पर सहमति जताई। परंतु, लगातार कई चक्कर काटने के बाद भी महिलाओं को उनकी राशि नहीं मिल पाई है। उनकी समस्या के समाधान के लिए अंकित बागबाहरा ने तत्काल समिति के व्यवस्थापक से बात की और बागबाहरा एसडीएम को पत्र के माध्यम से समस्या के त्वरित निदान के लिए निवेदन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ज्ञापन लेते ही तहसीलदार ने एसडीएम बागबाहरा को अवगत करवाया है और इस पर समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# सुख-समृद्धि और शांति की कामना के साथ 56 भोग का अर्पण

## ईडब्लूएस कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड में गणेशोत्सव की धूम, रोज हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति, ईडब्लूएस कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड मचेवा में गणेशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह-शाम होने वाली आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। स्थानीय ईडब्लूएस कॉलोनी में बुधवार को रिमझिम फुहारों के साथ भगवान श्रीगणेश को 56 भोग लगाया गया और महाआरती की गई। इस आयोजन में कॉलोनी के बच्चे और महिलाएं अपने घर से रंग-बिरंगे दीये लेकर आए और महाआरती में शामिल होकर गणेश भगवान की पूजा-अर्चना की।

सभी ने विघ्नहर्ता गणेश से प्रार्थना है कि वे सभी भक्तजनों को उत्तम स्वास्थ्य, आनंद और मंगलमय जीवन का आशीर्वाद मांगा। यहां पर प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे हैं। संचालन कैलाश पाटीदार द्वारा किया जा रहा है।



### विघ्नहर्ता के महाआरती व 56 भोग में उमड़े श्रद्धालुजन

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में विराजित नवोदय गणेशोत्सव पंडाल में संध्या 7 बजे महाआरती व 56 भोग का आयोजन हुआ। आचार्य कांता तिवारी ने विधिविधान से परंपरा अनुसार पूजा कराया। जिसमें सभी श्रद्धालु भक्त फूल माला व आरती सजाकर महाआरती में शामिल हुए। पूजा आरती के बाद भगवान गजानन को 56 भोग के साथ मोदक लड्डू के भोग लगाकर महाप्रसादी वितरण किया। पूजा पंडाल में भव्य पुष्प सज्जा की गई थी। रंग-बिरंगे लाइटों आकर्षक का केंद्र रही। समिति द्वारा आयोजित संध्या महाआरती में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु उपस्थित हुए। आयोजन को सफल बनाने में इंकु पटेल, गोलू साहू, आशीष चंद्राकर, दुर्गेश निषाद, सुरेंद्र यादव, चूड़ामणि ध्रुवंशी, देवेंद्र कश्यप, सुरेंद्र मालेकर, राजेंद्र चंद्राकर, सागर साहू, जतिन यादव, नीरज सेन, बिट्टू पटेल, नारद निषाद आदि मौजूद रहे।

### कुलिया के मां चंडी मंदिर में पहुंच रहे भालू और उसके शावक

**कोमाखान।** ग्राम कुलिया के पटपर स्थित मां चंडी मंदिर में शाम होते ही भालू और उसके शावकों का आगमन शुरू हो जाता है। पूजा पश्चात उसके लिए रखे प्रसाद को ग्रहण कर वहां पर स्थित नर्सरी में चले जाते हैं। जिसे देखने वहां राहगीरों एवं ग्रामीणों की भीड़ लग जाती है। नवरात्रि के पहले मंदिर मरम्मत के निरीक्षण के लिए गए विकास समिति के संचालक विक्रम सिंह चंद्राकर, सदस्य मीनालाल, खेदू यादव, पुरूषोत्तम यादव, महेंद्र चंद्राकर, रामाधीन, लिमेश यादव, मनिहार, नोहर, अनिल ठाकुर, बाबूलाल सिन्हा, नेतराम साहू आदि ने बताया कि सुबह 10 बजे भालू और उसके शावक के साथ खेल रहे थे। विकास समिति के सदस्यों को देख कर भालू और उसके शावक नर्सरी अंदर घुस गए। बहरहाल, किसी प्रकार की जन हानि सामने नहीं आयी है। विक्रम चंद्राकर ने बताया कि भालू रात को मोहल्ले में भी घूमते हुए नजर आते हैं। पर किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते। कुलिया के चंडी मंदिर भालू की आमद ग्राम व आसपास में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# प्रभारी कलेक्टर ने किया विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विकासखंड के ग्राम पटेवा, सिनोधा, बावनकेरा, टूरीडीह एवं झलप पहुंचे प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने आवास योजना एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सीईओ नंदनवार ने ग्रामों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्व-सहायता समूहों से भी चर्चा की और उनके आर्थिक सशक्तिकरण तथा आजीविका संवर्धन की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को बेहतर विपणन सुविधा उपलब्ध कराने और उत्पादों की गुणवत्ता सुधार के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्राम के शासकीय विद्यालयों का भी निरीक्षण किया और शिक्षण व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन तथा आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर ने दलदली रोड महासमुंद स्थित घरोंदा का निरीक्षण किया साथ ही उन्होंने वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण किया तथा यहां निवासरत वृद्धजनों से भेंटकर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने वृद्धजनों के लिए भोजन, चिकित्सा, स्वच्छता एवं आवासीय सुविधा बेहतर बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नंदनवार ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी एवं मैदानी अमला योजनाओं को प्राथमिकता और पारदर्शिता से क्रियान्वित करें।

# महासमुंद विकासखंड स्तर पर 6 शिक्षकों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रजत महोत्सव के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न थीम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संकुल, जोन, विकासखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर शिक्षकों को सम्मानित करने की योजना बनाई गई थी।इसी कड़ी में विकासखंड महासमुंद के 38 संकुलों से एक-एक शिक्षक का चयन कर संकुल स्तर पर सम्मान किया गया। तत्पश्चात संकुल स्तर से चयनित शिक्षकों को 6 जोनों में विभाजित कर जोन स्तर पर प्रक्रिया हुई। आज उन्हीं जोन से चयनित शिक्षकों सुनीता बंजारे, पुष्पा साहू, मन्नू लाल चौधरी, जितेंद्र कुमार साहू, रश्मि पटेल, कोमल सिंह दीवान का विकासखंड स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चयनित शिक्षकों को एसडीएम हरिशंकर पैकरा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम एवं हीना धालेन तथा बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम पैकरा ने चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक वास्तव में राष्ट्र के निर्माता होते हैं। समाज में अच्छे शिक्षकों का योगदान सदैव स्मरणीय रहता है। प्रत्येक शिक्षक को अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा से करना चाहिए तथा गुरु की मर्यादा को हमेशा बनाए रखना चाहिए। डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासक या किसी भी उच्च पद पर आसीन व्यक्ति, अपने गुरु और शिक्षक से प्राप्त ज्ञान के कारण ही उस स्थान तक पहुंचता है। समाज में गुरु का महत्व सदा ही श्रेष्ठ और वंदनीय होना चाहिए। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक पवन साहू, मनोज साहू, लक्ष्मी नारायण साकरिया, टाकेश्वर साहू, खिलावन कंडरा सहित रेणु चंद्राकर, तुलसी साहू, केशव साहू एवं प्रवीण सोनकर उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि विकासखंड स्तर से चयनित 6 शिक्षकों में से 5 शिक्षक सुनीता बंजारे, पुष्पा साहू, मन्नू लाल चौधरी, जितेन्द्र साहू, रश्मि पटेल को आज जिला स्तर पर सम्मानित किए जाएंगे।

# जिपं सीईओ ने कमार बस्ती में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

## योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता और पारदर्शिता बरतें, सरकार की विभिन्न योजनाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम पंचायत भीमखोज के आश्रित ग्राम जोराताराई (कमार बस्ती) तथा खल्लारी प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार पहुंचे। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, बिहान, प्रधानमंत्री आवास योजना, निर्माण कार्य, मनरेगा एवं अन्य योजनाओं की जानकारी ली और स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर सीधी चर्चा की। चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ, समस्याओं एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया और अधिकारियों को जनहित में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां बन रहे बहुउद्देशीय केंद्र का भी निरीक्षण किया और जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस केंद्र में कमार परिवारों के लिए एक ही छत के नीचे स्कूल, आंगनबाड़ी, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य आदि की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इस अवसर पर जनपद सीईओ मंडावी, एवं ग्रामीण कमार परिवार मौजूद थे। जिपं सीईओ नंदनवार ने कहा कि शासन की योजनाएं सीधे आमजन तक पहुंचे, यही प्राथमिकता है। इसलिए सभी अधिकारी एवं मैदानी अमला योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता और पारदर्शिता बरतें, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। खल्लारी में उन्होंने आवास योजना एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्व-सहायता समूहों से भी चर्चा की।

**खबर संक्षेप**



## बाढ़ पीड़ितों के लिए मैत्री संघ संस्था ने किया सहयोग

**जगदलपुर।** शहर की बहुप्रतिष्ठित बंगाली संस्था मैत्री संघ द्वारा रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से जिला प्रशासन को राहत सामग्री सौंपी। कलेक्टर एवं बस्तर रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरीस एस की उपस्थिति में मैत्री संघ संस्था द्वारा महिला, पुरूष एवं बच्चों के लिए धूले हुए साफ सुथरे कपड़ो के 21 बॉक्स, गैस चुल्हा एवं गैस पाईप, रेगुलेटर के 25 सेट सहित कंबल 25 नग सौंपा गया। जिसके पश्चात कलेक्टर ने मैत्री संघ संस्था की सामग्री से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर लोहंडीगुड़ा विकासखंड के लिए रवाना किया। इस अवसर पर ऐलेक्जेंडर चेरियन, मनीष गुप्ता सहित मैत्री संघ संस्था के अध्यक्ष दीपक घोष, महासचिव सुनील साहा, देवाशीष चौधरी, देवव्रत बराल, अशोकरंजन मुखर्जी, दिशांत चक्रवर्ती, जगन्नाथ साहा, श्रीमती अंजू मैत्रा, खुशबू साहू, प्रतिमा राय चौधरी एवं रविन्द्र नाथ विश्वास शामिल रहे।

# स्कूलों में सफाई व्यवस्था ठप छात्रों पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

अंशकालिक सफाई कर्मियों की 15 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इसके कारण झलप क्षेत्र में अंशकालिक सफाई कर्मियों की हड़ताल से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो गई है। 15 जून से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब साफ तौर पर स्कूलों में देखा जा रहा है।

झलप क्षेत्र के सैकड़ों स्कूलों में शौचालय और कक्षाएं गंदगी से पटे पड़े हैं। सफाई न होने से छात्रों और शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों में शिक्षक बच्चों से सफाई नहीं कर सकते, क्योंकि यह नियमों के विरुद्ध है। विभाग की ओर से भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में शिक्षा सत्र की शुरुआत होते ही स्वच्छता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

अंशकालिक सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। उनकी मुख्य मांगों में अंशकालिक कर्मचारियों को पूर्णकालिक वेतन (कलेक्टर दर) पर भुगतान, वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण, मौजूदा 3,000–3,400 रुपए मानदेय को बढ़ाकर वादा अनुसार 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं कार्य अवधि और जिम्मेदारियों की स्पष्ट व्यवस्था शामिल है।

### छात्रों की सेहत पर खतरा

स्कूलों में गंदगी से बच्चों की सेहत बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालात और भी गंभीर बताए जा रहे हैं। अंशकालिक कर्मचारियों की यह हड़ताल अब सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। एक ओर स्कूलों में शिक्षा और स्वच्छता व्यवस्था चरमराई हुई है। वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मचारी



## एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित : राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारी और कर्मचारियों का 18 अगस्त 2025 से अपनी 10 मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल और सरकार द्वारा हड़ताली 25 कर्मचारियों को बर्खास्तगी पर कहा है कि सरकार कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है।

हड़ताल से अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हुई हैं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों की सेवा अत्यंत जरुरी सेवाओं में से एक है और कर्मचारी अपने नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं और सरकार उनकी मांग मानने की बजाय उनको सेवा से पृथक कर रही है, जिससे साफ तौर पर दिखता है कि सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य के प्रति किस तरह लापरवाह है। लगता है सरकार प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा देना चाहते है। जबकि, प्रदेश में स्वास्थ्य जांच की मशीनों की कमी है, दवाइयां की कमी है, घटिया दवाइयां



सप्लाई की जा रही है। जिसका मामला की हर रोज उजागर हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता इस बात से भी दिखती है कि छत्तीसगढ़ में 10 मेडिकल कॉलेज हैं। सभी कॉलेजों में कॉलेज प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर सहित 642 पोस्ट रिक्त हैं। राजधानी में मेकाहारा में लगभग 50 डॉक्टरों की पोस्ट खाली है। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जो सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है वहां पर एक भी डॉक्टर रेगुलर नहीं और जितनी भी प्रकार की सेवाएं एमआरआई, सिटी स्कैन, सोनोग्राफी और ब्लड टेस्ट सहित अनेक सेवाएं आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाता है। अभी कुछ दिन पहले ही मेकाहारा हॉस्पिटल की 80 करोड़ की मशीन आउट डेटेड हो गई, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने 40 करोड़ की मशीनों का नया टेंडर जारी करवाया है तो क्या सरकार को पहले पता नहीं था कि मशीन कब आउट डेटेड होगी। आम आदमी पार्टी एनएचएम कर्मचारियों के साथ है और सरकार से मांग करती है कि इन कर्मचारियों की मांगों को सरकार जल्द पूरी करें। ताकि, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर तौर पर जारी रहे।

## ज्ञान ज्योति स्कूल में गणेशोत्सव पर हुई विविध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, पदमावती टांकसाले इंगलिश मिडियम स्कूल तथा स्व.नीलकंठ राव साकरकर उमावि द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय परिसर में गणेश उत्सव का समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौक पर विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इसमें ड्रॉइंग, रंगोली तथा हार बनाओ प्रतियोगिता हुई। वहीं 04 सितंबर को हार बनाओ प्रतियोगिता तथा महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सदस्य, अभिभावक तथा विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्रों ने भाग लिया। उक्त जानकारी संस्था के प्रभारी अंजलि सिन्हा ने दी है।












## खबर संक्षेप



### विस अध्यक्ष से मुलाकात कर यूरिया खाद की मांग

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भाजपा नेता तुषार साहू ने मुलाकात कर जिले में यूरिया खाद के लिए मांग पत्र सौंपा। तुषार ने कहा कि यूरिया खाद नहीं मिल रहा है। किसानों का मुख्य फसल धान है, जिसकी रोपाई का कार्य हो चुका है। खाद के अभाव में फसलों की स्थिति काफी खराब है और वह चिंतित हैं। कृषि ही एक मुख्य जीविकोपार्जन का साधन है। अगर यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पाता है तो धान की फसल खराब हो जाएगी व पैदावार नहीं होगा। उससे किसानों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। तत्काल विधानसभा अध्यक्ष ने संबंधित विभाग अधिकारी को फोन लगाकर यूरिया खाद उपलब्ध करने को कहा।

### बनियातोरा में एक दिवसीय मानस गान महोत्सव आज

**नर्रा**। ग्राम बनियातोरा के नवयुवक गणेश समिति व ग्रामवासी के सहयोग से 5 सितंबर को एक दिवसीय मानस गान महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें आमंत्रित मंडली द्वारा सुमधुर प्रस्तुति देंगे। इसमें चांदनी मानस परिवार धारणी चौक बनियातोरा, राघवेंद्र मानस परिवार चरौदा घटारानी जिला गरियाबंद, अनंत मानस परिवार पंडरीपानी लोहझर जिला गरियाबंद, आंजनेय मानस परिवार बागबाहरा शामिल है।

### लॉन टेनिस प्रतियोगिता के लिए दो का चयन

**महासमुंद**। राज्य स्तरीय लॉन टेनिस





प्रतियोगिता में चयन नगर के शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के छात्र नवीन यादव (17 वर्ष) एवं ओजस यादव (14 वर्ष) पिता स्व. रोहित कुमार यादव एवं माता दुर्गा यादव का चयन राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 25 से 30 सितंबर 2025 तक दुर्ग में आयोजित होगी, जिसमें दोनों भाई विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सामान्य सभा की बैठक 8 को

**महासमुंद**। जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक सोमवार 8 सितंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में कृषि विभाग, सहकारिता एवं उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण विभाग से संबंधित एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

---

**न्याय की गुहार : सामाजिक बहिष्कार करने से परिवार संकट में**

# सरपंच पर गंभीर आरोप, सामाजिक बहिष्कार से जूझ रही महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

ग्राम पंचायत नरसिंहपुर जर्रा निवासी सेमबाई सिदार पति चंद्रशेखर सिदार ने पंचायत सरपंच नवलीन मांझी पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि बिना किसी गलती के उन्हें सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण उनका और बच्चों का जीवन संकट में है।

सेमबाई सिदार अपने सात वर्षीय जुड़वा बच्चों के साथ अलग रहती हैं। उनका पति चेन्नई की एक फैक्ट्री में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। पीड़िता का कहना है कि उनके ससुर सुखीराम सिदार के घर से अवैध मदिरा बिक्री के संदेह में तलाशी ली गई थी, जिसमें केवल व्यक्तिगत सेवन के लिए शराब पाई गई। इसके बाद उन पर 51,000 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। भुगतान करने में असमर्थता के चलते परिवार पर दबाव बनाया गया और




**सरपंच की चुप्पी**

इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने सरपंच नवलीन मांझी से कई बार मुलाकात और फोन पर संपर्क कर पक्ष जानना चाहा, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

अंततः जमीन गिरवी रखकर सरपंच को 10,000 रुपए का भुगतान किया गया।

### अतिरिक्त धन की मांग और बहिष्कार

सेमबाई ने आरोप लगाया कि 27 अगस्त को ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई, लेकिन उसके निर्णय की जानकारी उन्हें नहीं दी गई। इसके बाद सरपंच ने उनके ससुर से 10,000 लेने के बावजूद उनसे 5,000 रुपए की अतिरिक्त मांग की। आर्थिक तंगी के कारण यह राशि न दे पाने पर उनके पूरे परिवार को सामाजिक बहिष्कार का शिकार होना पड़ा। उन्होंने बताया कि अब न तो ग्रामीण उनसे बातचीत कर रहे हैं और न ही राशन दुकान से उन्हें सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। सार्वजनिक नल कूप में पानी तक लेने में मना है।

भावुक होकर सेमबाई ने कहा कि यदि मेरे ससुर ने कोई गलती की है तो सजा उन्हें मिले। लेकिन, मुझे और मेरे मासूम बच्चों को क्यों सजा दी जा रही है? पति मजदूरी के लिए बाहर रहते हैं। मैं गरीब तबके की महिला हूं। मेरे साथ हो रहा यह व्यवहार अन्यायपूर्ण है। मुझे न्याय चाहिए।

### प्रशासनिक उदासीनता

पीड़िता ने बताया कि उन्होंने मामले की शिकायत पिथौरा एसडीएम और बसना थाने में की है। संबंधित दस्तावेज़ भी दिखाए गए हैं, लेकिन शासन-प्रशासन के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, सरपंच का यह फैसला है कि जो भी व्यक्ति सेमबाई को काम देगा, राशन देगा या उससे बातचीत करेगा, उस पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

---

# कृषि विभाग की कार्रवाई

## अनियमितता पर चार कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में कृषि केंद्रों का सतत निरीक्षण जारी है। इसी क्रम में प्रभारी उप संचालक कृषि भीमराव घोड़ेसवार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ब्रजेश तुरकाने द्वारा पिथौरा के उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित फर्म चंचला कृषि केंद्र लोहरीनडोंगरी, मुकेश कृषि सेवा केंद्र सोनासिल्ली के प्रतिष्ठान में पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया। इसके अलावा संबंधित फर्मों द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने के कारण संबंधित फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है।

इसी प्रकार चंचला कृषि केंद्र लोहरीनडोंगरी एवं पटेल ब्रदर्स पिथौरा द्वारा बिना स्त्रोत के कीटनाशी दवा के विक्रय करने के कारण संबंधित फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। संबंधित फर्म से जवाब प्राप्त होने के पश्चात उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं कीटनाशी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि कृषक बिल लेकर ही उर्वरक का विक्रय करें एवं कालाबाजारी की शिकायत पाए जाने पर संबंधित विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क करें।

---

# लोक गायक निजाम को मिला धरोहर हमारे गौरव सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में में डॉ. मन्नूलाल चेलक द्वारा रायपुर स्थित वृंदावन सभा कक्ष में विगत दिनों राष्ट्रीय सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान प्रदेश के गांव व शहर सहित अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया। इस मौके पर खल्लारी क्षेत्र के ग्राम कन्हारपुरी निवासी व लोककला सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़े समाजसेवी एवं प्रसिद्ध लोक गायक निजाम दीवान (कन्हारपुरिया) को धरोहर हमारे गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। आयोजन के मुख्य अतिथि बस्तर संभाग राजमहल जगदलपुर के महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डोमर सिंह कुंवर उपस्थित रहे।

# थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक कानून तोड़ने वालों पर पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

थाना परिसर में आगामी पर्व ईद और गणेश विसर्जन को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललिता मेहेर, तहसीलदार श्रीधर पंडा, उपनिरीक्षक असरार अली उपस्थित रहे, जिन्होंने आए सभी प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की एवं आश्वासन दिया गया कि प्रशासन एवं पुलिस की तरफ से त्योहार के विषय में पूरी तैयारी कर ली गई है तथा कानून तोड़ने वालों लोगों के ऊपर पुलिस नजर बनाई हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि 5 सितंबर को ईद एवं 6 सितंबर को गणेश विसर्जन है। जिसमें कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म के प्रति



अभद्र टीका टिप्पणी कोई भी सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से नहीं करेगा एवं एक दूसरे का पूरा सहयोग त्योहार मनाने में करेंगे तथा डीजे के आवाज को निर्धारित मानकों में ही रखी जाए तथा शासन गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा। बैठक में आए लोगों द्वारा बताया गया कि सभी त्योहार हम लोग परंपरा के हिसाब से मनाते हैं। अधिकारियों को आश्वास्त किया कि सरायपाली पूर्व से ही शांति का प्रतीक रहा है। यहां सभी त्योहारों को सभी धर्म के लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर मनाते हैं, एक दूसरे धर्म के आदर्शों एवं परंपराओं का सम्मान करते हैं तथा आवश्यक सहयोग शासन एवं प्रशासन को करते हैं। अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्योहार शांतिपूर्ण मनाया जाएगा। बैठक में विपिन उबोवेजा, हाजी सईद खान, भोज अग्रवाल, कमल किशोर अग्रवाल, मोहम्मद इरफान शेख, रफीक उल्ला खान, दिलीप गुप्ता, जनाब खान, अशफाक खान, हेमंत प्रधान, रोहित प्रधान, मोहम्मद अख्तर मेमन, राजेश अग्रवाल, आशिक हुसैन, दीपक मखीजा, देवराज चौहान, विजय यादव, राजा बग्गा, युवराज गोस्वामी, गंगाराम पटेल, विकास सिंह, अजय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विजय अग्रवाल, नितेश प्रधान, कैलाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




### देवरी में निकाली गई साक्षरता जागरुकता रैली

**महासमुंद**। सितंबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित देशव्यापी साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी विकासखंड बागबाहरा में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। इसमें शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल सदस्य गण यादराम साहू, कामता पुरेना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रैली देवरी के मुख्य मार्ग से शिशु मंदिर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय से गांधी चौक पहुंची। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रैली में भाग लिया और साक्षर भारत, साक्षर देवरी बनाने के लिए नारे लगाए। रैली का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्यातागण संजय बारसागढ़े, नीलू सोनी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव, रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# खरोरा में हुआ भजन संध्या का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आईपीएल सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति खरोरा द्वारा भजन संध्या का आयोजन गुड़ी चौक में बुधवार को किया गया। जिसमें गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर बागबाहरा के बाल कलाकारों द्वारा सुंदर सुमधुर संगीत के साथ प्रभु राम चरित मानस का गान किया और लोगों को भाव विभोर कर दिया। बाल कलाकारों के संगीत ने सभी का मनमोह लिया और सुंदर कथाएं लोगों के मन को भा गईं। छोटे बच्चों द्वारा की गई यह प्रस्तुति सचमुच लाजवाब रही। लोगों ने इसकी खूब प्रशंसा की। समिति के सदस्य हेमू चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया। यह जानकारी संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने दी।

# दिवाली से पहले मिला उपहार, जीएसटी के दरों में बदलाव, घरेलू वस्तुएं होंगी सस्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बुधवार को नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी के 4 स्लैब 5 प्रतिशत, 12, 18 और 28 प्रतिशत को घटाकर 2 प्रतिशत किए जाने की घोषणा की। अब दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त में जिस दिवाली गिफ्ट का वादा किया था, उसे जीएसटी काउंसिल की मंजूरी मिल गई है।

उन्होंने कहा कि नए बदलावों से घरेलू वस्तुओं के साथ टीवी-एसी, कार-बाइक, इंश्योरेंस जैसी 5 कैटेगरी की जरूरतें सस्ती हो जाएंगी। वहीं दूध, पनीर, रोटी जैसी वस्तुएं अब टैक्स फ्री होंगी। इसे 22 सितंबर से लागू किया जाएगा। आगे कहा कि जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद काफी राहत मिलेगी। केंद्र में हमारी भाजपा की सरकार जो वादा करती है, वो निभाती



भी है। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दीवाली उपहार देने का वादा किया था। दिवाली से एक माह पहले ही यह उपहार मिल गया है। इन बदलावों का मुख्य उद्देश्य आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है।

### घरेलू वस्तुओं में काफी राहत

आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू, एसी, कार भी सस्ते होंगे। दूध, रोटी, पिज्जा ब्रेड, छेना समेत कई फूड जीएसटी फ्री होंगे। हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स से राहत मिला है। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी।

### जीएसटी के नए स्लैब के तहत प्रभावित वस्तुएं

जीएसटी के नए स्लैब के मुताबिक 5 प्रतिशत स्लैब के अंतर्गत सॉस, पास्ता, घी, बटर, नूडल्स, चॉकलेट, कॉफी, प्रीजर्ल्ड मीट हेयर ऑयल, साबुन, साइकिल, मिठाई, नमकीन, जैम, जेली, आचार, आइसक्रीम, बादाम, पिस्ता, हेजलनट, पाइन नट्स, 18 प्रतिशत में एयर कंडीशनर, 32 इंच से बड़े टीवी, डिशवॉशिंग मशीनें, छोटी कारें, मोटरसाइकिल (350 सीसी या कम), कृषि उत्पाद जैसे ट्रैक्टर, मृदा को तैयार करने में शामिल होने वाली मशीनें, खेती में इस्तेमाल होने वाली मशीनें, कंपोस्ट में इस्तेमाल होने वाली मशीनें, पराली हटाने वाली मशीनें, सभी पर अब टैक्स 12 फीसदी से पांच फीसदी किया जा रहा है।

# माता कर्मा महाविद्यालय में हुआ अभिमुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार, वाणिज्य संकाय के विभाग अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरस्वती वर्मा एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्वेतलाना नागल उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार ने समस्त छात्राओं को इस प्रकार की योजनाओं में जुड़कर उनके अंतर्गत होने वाले गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा स्रोत प्रेरक पुरुष स्वामी विवेकानंद विचारों और उद्देश्य को बताते हुए उन्हें आत्मसात करने के लिए कहा। मनोज कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में मानसिक योग्यता के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास आवश्यक है, जो इस प्रकार की संचालित इकाइयों से जुड़कर, छात्राओं का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास होता हैं। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ स्वेतलाना नगल ने कहा कि यूथ रेडक्रॉस एक स्वैच्छिक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसकी स्थापना सन 1863 में और हेनरी डयूनआट द्वारा युद्ध भूमि पर जख्मी और पीड़ितों की




सहायता प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया था। यह संगठन देश और मानवता की सेवा का संदेश देता है के अंतर्गत युवाओं को आपदा बाढ़, तूफान, आग भूकंप एवं दुर्घटना के समय प्राथमिक सहायता की ट्रेनिंग एवं बुजुर्गों एवं बच्चों की देखभाल एवं सहायता कैसे की जाए जानकारी देता है। रक्तदान के लिए प्रेरित करना, गंभीर संक्रामक रोगों से बचाव की जन जागरूकता फैलाना भी प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य एवं प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के बारे में बताते हुए युवाओं को इस योजना में जुड़कर उनके व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। रासेयो बैच की जानकारी दी। साथ ही सात दिवसीय विशेष शिविर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर के शिविरों की जानकारी देते हुए बी एवं सी प्रमाण पत्र की महत्वता को बताया। गणतंत्र दिवस परेड में चयनित एवं अन्य विभिन्न स्तर में होने वाले आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी एवं उनसे प्राप्त होने वाले सर्टिफिकेट के महत्व से अवगत कराया। लोगों के साथ जुड़कर उन्हें जागरूक करने के अभियान की जानकारी दी और स्वयंसेवक इस योजना से जुड़कर अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर सकते हैं यह भी बताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक दिव्यानी सोनवानी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक तनु चौहान, लक्ष्मी चंद्राकर, डाली, हर्षिता, झरना, सीमा, नीलम, लीला, रितु, हीना, आरती, ईशा, पूजा, प्रियंका, स्नेह लता, ज्योति सोनवानी, टिकेश्वरी ध्रुव, मेघा, डागेश्वरी, पायल, साक्षी आदि मौजूद रहे।

